प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

स्वर्गीय डा. वाईएल नेने जी की सातवीं पुण्यतिथि पर स्मृति समारोह सम्पन्न

पन्तनगर। 16 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में स्थित एशियन एग्री–हिस्ट्री फाउंडेशन (एएएचएफ) के मुख्यलाय द्वारा डा. वाईएल नेने जी की सातवीं पुण्यतिथि का आयोजन पादप रोग विभाग के डा. आर.एस. सिंह सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एशियन एग्री–हिस्ट्री फाउंडेशन के वर्तमान चैयरमेन डा. एस. पी.एस. बेनीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. सुनीता टी. पाण्डे, प्रोफेसर, सस्य विज्ञान विभाग एवं कार्यकारी सचिव, एएएचएफ के द्वारा सभी का स्वागत करते हुए किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डा. वाईएल नेने के विश्वविद्यालय में दिनांक अगस्त 2017 में दिये गये अंतिम संबोधन की वीडियो रिकार्डिग को प्रदर्शित की गयी। उसके उपरांत सभा में उपस्थित संकाय सदस्यों द्वारा डा. वाईएल नेने की स्मृति में अपने अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एल्युमिनी 1963 बैच के छात्र डा. जे.पी. मिश्रा, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल एवं पादप रोग विभागाध्यक्ष डा. के.पी. सिंह के अतिरिक्त पादप रोग विभाग व अन्य संकाय सदस्य तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे। एएएचएफ के वर्तमान चैयरमेन डा. एस.पी.एस. बेनीवाल द्वारा अपने छात्र जीवन एवं सार्वजनिक जीवन में डा. वाई. एल. नेने. जी की महत्वपूर्ण भूमिका से संस्मरणों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी आंमत्रित गणमान्यों ने डा. वाई. एल. नेने. जी को भावनीय पुष्पांजलि आर्पित की।

कार्यक्रम में सम्बोधित करती प्रोफेसर, सस्य विज्ञान विभाग एवं कार्यकारी सचिव, एएएचएफ डा. सुनिता टी पाण्डे।

निदेशक संचार